# कुमाऊँ विश्वविद्यालय, नैनीताल
# KUMAUN UNIVERSITY, NAINITAL (UTTARAKHAND)

पत्रांकः कु0वि0/आर0ओ0/2025/08–11–2025 दिनांकः 08/11/2025

## सूचना

कुमाऊँ विश्वविद्यालय नैनीताल द्वारा 14 सितम्बर 2025 को आयोजित उत्तराखण्ड राज्य संयुक्त बी0एड0 प्रवेश परीक्षा 2025–27 के संदर्भ में, अभ्यर्थियों द्वारा विश्वविद्यालय को प्रेषित उत्तर कुंजी से सम्बन्धित समस्त प्रत्यावेदनों के विषय विशेषज्ञों द्वारा परीक्षण एंव निस्तारण कर परीक्षा परिणाम पूर्व में ही विश्वविद्यालय की वेबसाईट एवं समर्थ पोर्टल पर घोषित किया जा चुका है।

परीक्षा परिणाम घोषित होने के उपरांत, शैक्षणिक सत्र 2025–27 के बी0एड0 पाठ्यक्रम के प्रथम वर्ष में प्रवेश हेतू परिसर/महाविद्यालय/संस्थान का आवंटन समर्थ पोर्टल के माध्यम से ऑनलाईन काउंसिलिंग प्रक्रिया निम्नानुसार निर्धारित की गई है। अभ्यर्थियों से अनुरोध है कि वे नीचे दी गई तिथियों एवं दिशानिर्देशों का ध्यानपूर्वक पालन करें:

| | | |
|---|---|---|
| प्रथम चरण | 1.ऑनलाईन पंजीकरण (Registration): | 09 नवम्बर 2025 से 15 नवम्बर 2025 तक |
| | 2. उत्तीर्ण (Qualified) अभ्यर्थियों हेतु ऑनलाईन कॉलेज आवंटन (Online College Allocation): | 16 नवम्बर 2025 से 19 नवम्बर 2025 तक |
| | 3. कॉलेज में प्रवेश प्रक्रियाः | 20 नवम्बर 2025 से 26 नवम्बर 2025 तक |
| द्वितीय चरण | 1. शेष उत्तीर्ण (Qualified) एवं अनुत्तीर्ण (Not -Qualified) अभ्यर्थियों हेतू कॉलेज आवंटनः | 27 नवम्बर 2025 से 28 नवम्बर 2025 तक |
| | 2. कॉलेज में प्रवेश प्रक्रियाः | 29 नवम्बर 2025 से 05 दिसम्बर 2025 तक |
| तृतीय चरण | 1. शेष रिक्त शीटों की घोषणा (Vacancy Declaration) | 05 दिसंबर 2025 |
| | 2. कॉलेज स्तरीय काउंसिलिंग (College Level Councelling) | 06 दिसम्बर 2025 से 12 दिसम्बर 2025 तक |

अभ्यर्थियों हेतू महत्वपूर्ण निर्देशः

1. सभी अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि वे समय–सीमा का पालन करें तथा काउंसिलिंग हेतू पोर्टल पर प्रदर्शित दिशा–निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़े।
2. पंजीकरण के समय सही एवं अद्यतन विवरण भरना अनिवार्य है।
3. जिन अभ्यर्थियों को कॉलेज आवंटन किया जाएगा, उन्हें निर्धारित तिथि के भीतर कॉलेज में रिपोर्ट करना आवश्यक है, अन्यथा उनका आवंटन निरस्त माना जाएगा।

कुलसचिव

---

प्रतिलिपि– निम्नांकित समाचार पत्रों के सम्पादकों को इस आशय से प्रेषित कि उक्त सूचना को अपने प्रतिष्ठित समाचार पत्र के उत्तराखण्ड संस्करण में छात्रहित एवं जनहित में समाचार के रूप में दिनांक 08.11.2025 को निशुल्क प्रकाशित करने का कष्ट करें।

1.दैनिक जागरण नैनीताल। 2. अमर उजाला नैनीताल। 3. हिन्दुस्तान नैनीताल। 4. दैनिक आज, नैनीताल।
5.राष्ट्रीय सहारा, नैनीताल। 6. उत्तरांचल दीप, नैनीताल। 7. उत्तर उजाला, नैनीताल। 8. शाह टाइम्स नैनीताल।
9. न्यूज प्रिंट, नैनीताल।

प्रतिलिपिः निम्नांकित को सूचनार्थ एंव आवश्यक कार्यवाही हेतू प्रेषित।

1. कुलसचिव, श्रीदेव सुमन उत्तराखण्ड विश्वविद्यालय, बादशाहीथौल।
2. कुलसचिव, एस0एस0जे0 विश्वविद्यालय, अल्मोड़ा।

कुलसचिव